राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना

NATIONAL INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY, PATNA

अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन2022

द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन दिनांक **14 - 15 सितंबर 2022** को **सूरत, (गुजरात)** में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री **श्री अमित शाह** जी के मुख्य आथित्य में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री श्री निशित प्रमाणिक, गृह राज्य मंत्री श्री अजय कुमार मिश्रा, विदेश एवं शिक्षा राज्य मंत्री श्री राजकुमार संगमा ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाग लिया। मंच पर श्री भर्तृहरि मेहताब, उपाध्यक्ष, संसदीय राजभाषा समिति एवं श्री भूपेंद्र भाई पटेल, मुख्यमंत्री, गुजरात एवं गुजरात राज्य सरकार के गृह मंत्री श्री हर्ष संघवी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजभाषा विभाग की सचिव श्रीमती अंशुली आर्य द्वारा की गई।

उक्त सम्मेलन में देश भर से सचिव, अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव एवं विभिन्न उपक्रमों के सीएमडी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर संसदीय राजभाषा समिति के सदस्य भी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में निफ्ट की ओर से लगभग सभी परिसरों से प्रतिनिधि के रूप में कनिष्ठ अनुवादक अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के मुख्यालय से श्री विवेक सक्सेना सहायक निदेशक राजभाषा ने भाग लिया। निदेशक

निफ्ट परिसर, गांधीनगर प्रोफेसर (डॉ.) समीर सूद की ओर से सभी परिसरों के निदेशक एवं कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। निफ्ट मुख्यालय एवं इसके सभी अधीनस्थ परिसर हिंदी के प्रचार प्रसार एवं इसके प्रगामी प्रयोग के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम से सम्बंधित तस्वीरें :

आज़ादी का
अमृत महोत्सव
भारत सरकार, गृह मंत्रालय
समारोह

आज़ादी का
अमृत महोत्सव
सत्यमेव जयते
भारत सरकार, गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
ભારત સરકાર, ગૃહ મંત્રાલય
રાજભાષા વિભાગ
हिंदी दिवस समारोह - 2022 एवं